<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## कृषि महाविद्यालय बना फुटबाल चैम्पियन
### <u>फाइनल के रोमांचक मुकाबले में वेटनरी कालेज को हराया</u>

पंतनगर। 27 मई 2023। स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में वेटनरी कालेज को 3–2 से हराकर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। शनिवार को विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय टीम के कप्तान डा. एनके सिंह, फारवर्ड रमेश ओली व लालू के 1–1 गोल किया। जबकि वेटनरी की ओर से दोनों गोल फारवर्ड अजय साहू ने किए। इससे पूर्व लीग मैचों में कृषि महाविद्यालय व वेटनरी बेहतर गोल औसत के आधार पर फाइनल में पहुंचने वाली दो टीमें बनीं। फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि डा. एसके कश्यप, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन डा. एसपी सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, सह निदेशक डा. भाष्कर तिवारी, डा. एचएस पपोला, डा. संदीप कुमार द्वारा सभी विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि डा. शिवेन्द्र कश्यप ने कहा कि दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। हार–जीत तो खेल का एक हिस्सा है इसे हमें स्वीकार करना चाहिए। अधिष्ठाता पशुचिकित्सा डा. एसपी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय–समय पर होते रहने चाहिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने कहा कि स्टाफ स्पोर्ट्स में इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। रैफरी के रूप में सूर्या जलाल, साइड रैफरी के लिए अशोक कुशवाहा व आशीष को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सबसे अधिक उम्र 59 वर्ष के खिलाड़ी डा. एसके श्रीवास्तव को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश पंत ने किया।



*विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते अतिथिगण।*